अनुपूरक बजट

चर्चा में क्यों?

24 अगस्त, 2021 को उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 5,720.78 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया।**

प्रमुख बिंदु

- बजटीय प्रावधानों में रा**जस्व व्यय के लिये 2,990.53 करोड़ रुपए** और **पूंजीगत व्यय के लिये 2,730.25 करोड़ रुपए** शामिल हैं।
- बजट में कोविड-19 से निपटने और स्वरोज़गार योजनाओं के क्रियान्वयन को सुगम बनाने के लिये विशेष प्रावधान किया गया है।
- बजट आवंटन में प्रधानमंत्री **ग्राम सड़क योजना (PMGSY)** के लिये 570 करोड़ रुपए, **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM)** के लिये 449 करोड़ रुपए, **जल जीवन मिशन** के लिये 401 करोड़ रुपए, **कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिये अटल मिशन (AMRUT)** के लिये 137.29 करोड़ रुपए, **प्रधानमंत्री आवास योजना** के लिये 70.01 करोड़ रुपए और **स्वच्छ भारत मिशन** के लिये 24.65 करोड़ रुपए शामिल हैं।
- कोविड-19 के लिये विभिन्न कार्यों और सहायता हेतु 600 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जबकि **मुख्यमंत्री स्वरोज़गार योजना (MSY)** के लिये 100 करोड़ रुपए, **मुख्यमंत्री सौभाग्यवती योजना** के लिये 8.34 करोड़ रुपए और **मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना** के लिये 7.65 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।
- इसके अलावा सड़कों और पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव के लिये 55 करोड़ रुपए, बाढ़ सुरक्षा कार्यों हेतु 30 करोड़ रुपए, पेयजल परियोजनाओं के लिये 25 करोड़ रुपए और **स्मार्ट सिटी परियोजना** कार्यों के लिये 60 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/supplementary-budget-2